दिन– शुक्रवार दिनांक– 18/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि:– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना से महिला संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्रामीण विकास विभाग के इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण करना है। महिला संवाद के दौरान महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, साथ ही उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस अभियान के तहत दो करोड़ महिलाओं से सीधा संवाद का लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति उनकी अपेक्षाओं की भी जानकारी ली जायेगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना स्थित एक अणे मार्ग से मुख्यमंत्री ने पचास वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया। पहले दिन राज्य के छह सौ स्थानों पर महिला संवाद कार्यक्रम होगा। वहीं, कल से प्रतिदिन लगभग बारह सौ जगहों पर इसका आयोजन किया जाएगा।

———————————————————

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत अबतक राज्य के पैंतालीस हजार चार सौ सड़सठ लोगों ने चार से दस सीटर तक के सवारी वाहन की खरीद की है। इसपर राज्य सरकार के द्वारा अनुदान देकर इन लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है। साथ ही इस योजना के माध्यम से आवागमन बेहतर बनाकर गांवों को प्रखंड और जिला मुख्यालयों से जोड़ा गया है।

———————————————————

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने आज बेतिया में जिले के सभी अठारह प्रखंडों में कोल्ड स्टोरेज और गोदाम निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इससे सब्जी उत्पादक किसानों को लाभ होगा।

———————————————————

श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि इससे भारत के कालातीत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मान्यता मिली है। उन्होंने कहा कि गीता और नाट्यशास्त्र दोनों ने सदियों से सभ्यता तथा चेतना को पोषित किया है और इनसे प्राप्त अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती है।

---

आज गुड फ्राइडे है। प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने की याद में यह दिन मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु ने मानवता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपने जीवन का बलिदान किया था। गुड फ्राइडे पर लोग मानवता और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का संकल्प लेते हैं। प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने के उपलक्ष्य में रविवार से ईस्टर समारोह शुरू हो जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण किया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में कहा है कि हम सभी को ईसा मसीह द्वारा बताये गए जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु के बताये मार्ग के अनुसरण से मानव समाज कल्याण के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। इधर, इस अवसर पर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान नालंदा, समस्तीपुर, जमुई, सहरसा, सीतामढी, कटिहार और किशनगंज सहित अन्य जिलों में वज्रपात के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। विभाग ने कहा है कि अगले पांच दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

---

आज विश्व विरासत दिवस है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्मारक और धरोहर स्थल दिवस भी कहा जाता है। इस वर्ष की थीम है– विरासत स्थलों पर आपदा और संघर्ष का संकट। यह दिवस सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के सम्मान और संरक्षण के लिए प्रति वर्ष अठारह अप्रैल को मनाया जाता है। इस अवसर पर बिहार विरासत विकास समिति की ओर से पटना के गोलघर से विरासत पदयात्रा निकाली गई।

———————————————————————

समाप्त